राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण म.प्र. की 945वी बैठक दिनांक 11.03.2026 का कार्यवाही विवरण

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) मध्यप्रदेश की 945वी बैठक दिनांक 11.03.2026 को श्री शिव नारायण सिंह चौहान, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण की अध्यक्षता में एप्को, पर्यावरण परिसर, भोपाल में निम्नानुसार सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई :–

1. डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी, सदस्य, राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण।
2. श्री. दीपक आर्य, सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिये गये:–

क्र	प्रकरण क्र.	अधिसूचित श्रेणी	जिला	परियोजना	SEAC द्वारा अनुशंसित/ परिवेश पोर्टल पर आवेदित	प्राधिकरण का निर्णय
1.	8015/2020	1(a)	खण्डवा	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति वैधता विस्तार अनुशंसित नहीं	निरस्त
2.	9221/2022	1(a)	कटनी	मुरूम खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हस्तांतरण	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण जारी की जाये।
3.	9084/2022	8(a)	खण्डवा	भवन निर्माण	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति जारी की जाये।
4.	P2/1120/2025	1(c)	कटनी	सिचाई परियोजना	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति जारी की जाये।
5.	P2/2251/2026	1(a)	श्योपुर	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	पुनः परीक्षण हेतु SEAC को अग्रेषित
6.	P2/2252/2026	1(a)	छिन्दवाड़ा	पत्थर एवं मुरूम खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति जारी की जाये।
7.	P2/2254/2026	1(a)	शिवपुरी	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति जारी की जाये।
8.	P2/2253/2026	1(a)	शहडोल	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	ADS जारी किया जाये।
9.	P2/1055/2025	1(a)	टीकमगढ़	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति जारी की जाये।
10.	3401/2015	1(a)	उज्जैन	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हस्तांतरण	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण जारी की जाये।
11.	P2/2103/2025	1(a)	टीकमगढ़	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति अनुशंसित नहीं	पुनः परीक्षण हेतु SEAC को अग्रेषित
12.	P2/1087/2025	1(a)	ग्वालियर	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति अनुशंसित नहीं	निरस्त

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण म.प्र. की 945वी बैठक दिनांक 11.03.2026 का कार्यवाही विवरण

13.	9262/2022	5(f)	इन्दौर	Bulk Drugs/Active Pharmaceutical	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हस्तांतरण	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण जारी की जाये।
14.	P2/2076/2025	1(a)	उमरिया	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति अनुशंसित नहीं	निरस्त
15.	P2/2079/2025	1(a)	गुना	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति जारी की जाये।
16.	11020/2023	1(a)	ग्वालियर	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	ADS जारी किया जाये।
17.	P2/2255/2026	1(a)	उज्जैन	मुरूम खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति जारी की जाये।
18.	P2/2256/2026	1(a)	शिवपुरी	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति	पुनः परीक्षण हेतु SEAC को अग्रेषित
अध्यक्ष महोदय की अनुमति से **अन्य** बिन्दु						
1.	P2/1306/2025	1(a)	मण्डला	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति संशोधन जारी की जाये।
2.	11079/2023	1(a)	मण्डला	डोलोमाईट खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति संशोधन जारी की जाये।
3.	11078/2023	1(a)	विदिशा	फर्शीपत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति संशोधन जारी की जाये।
4.	P2/859/2025	1(a)	गुना	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति संशोधन जारी की जाये।
5.	3470/2015	1(a)	मंदसौर	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हस्तांतरण में संशोधन	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण में संशोधन जारी की जाये।
6.	P2/2243/2026	8(a)	भोपाल	भवन निर्माण	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति संशोधन जारी की जाये।
7.	P2/92/2024	1(a)	सतना	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति संशोधन जारी की जाये।
8.	P2/883/2024	8(a)	भोपाल	भवन निर्माण	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति संशोधन जारी की जाये।
9.	P2/2008/2025	1(a)	आगर–मालवा	पत्थर खदान	पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन	पूर्व पर्यावरण स्वीकृति संशोधन जारी की जाये।

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण म.प्र. की 945वी बैठक दिनांक 11.03.2026 का कार्यवाही विवरण

1. **Proposal No. SIA/MP/MIN/566175/2026, Case No. Case No. 8015/2020 Prior Environment Clearance for Stone Quarry, in an area of 3.20 ha., for production capacity of 60,420 cum per annum, at Khasra No. 56(S), Village - Rudhy, Tehsil - Khandwa, Dist. Khandwa, (MP) by Shri Ashok Etalkar, MIG-398, Ram Nagar, Dist. Khandwa, MP – 450001**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 में SEAC ने अभिमत दिया है कि :–

" ..... समिति द्वारा पाया गया कि प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता बढ़वाने हेतु फॉर्म6 में आवेदन किया गया है उत्खनि पट्टे के नवीनीकरण हेतु कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला खंडवा द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1364/खनिज/2026 दिनाँक 08-01-2026 के अनुसार उत्खनिपट्टे क्षेत्र के पश्चिम दिशा में स्थित विद्युत विद्युत टावर एवं लाइन, उत्तर में स्थित कच्चा रोड एवं सोलर प्लांट की बाउंड्री से दूरी छोड़कर पूर्व में स्वीकृत रकबा 4.0 हेक्टेयर से घटाकर 3.20 हेक्टेयर क्षेत्र पर उत्खनिपट्टे का नवीनीकरण किया गया है। अतः उत्खनिपट्टे के रकबे में पूर्व स्वीकृति से परिवर्तन होने के कारण यह प्रकरण पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता 17-11-2025 को बढ़वाने हेतु योग्य नहीं पाया गया है क्योंकि प्रकरण की पर्यावरणीय स्वीकृति समाप्त हो चुकी है।

अतः प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति में वैलिडिटी एक्सटेंशन की अनुशंसा नहीं की जा सकती है।."

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि SEAC की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 में की गई अनुशंसा को मान्य करते हुये प्रकरण निरस्त किया जाता है। तदनुसार सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाये।

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

2. **Proposal No. SIA/MP/MIN/566560/2026, Case No. 9221/2022 Prior Environment Clearance for Murum Quarry (Opencast semi mechanized method), in an area of 2.40 Ha. for production capacity of 19,818 cum per annum, at Khasra No. 624, Village - Banda, Tehsil - Murwara, District – Katni (M.P.) by Smt. Pushplata Tiwari W/o Shri Omprakash Tiwari R/o Mittal Enclave, Plot No. 160, District Katni (MP) regarding transfer of EC in the name of Shri Sanjay Kumar Bajaj, Partner, Shri Ram Mining Corporation, Shri Industrial Area, Bargawan Katni (M.P.)**

प्रश्नाधीन प्रकरण में राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 870वी बैठक दिनांक 17.01.2026 में निम्नानुसार अनुशंसा की गई है :–

..... The application for EC transfer is made well within 12 months hence committee finds it fit to recommend for transfer of EC and forward SEIAA for necessary orders. It is mentioned that the cases of EC transfer applied well within one year period need not to be routed through SEAC, this may be brought to the notice of MoEF&CC for necessary correction in the Parivesh Portal..

अतः राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत प्रकरण में ईआईए अधिसूचना 2006 (पैरा–11) के अनुसार पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों के परीक्षण एवं पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत SEAC की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 में की गई अनुशंसा को मान्य करते हुए निर्णय लिया गया कि पूर्व परियोजना प्रस्तावक **Smt. Pushplata Tiwari W/o Shri Omprakash Tiwari R/o Mittal Enclave, Plot No. 160, District Katni (MP) के नाम Murum Quarry (Opencast semi mechanized method), in an area of 2.40 Ha. for production capacity of 19,818 cum per annum, at Khasra No. 624, Village - Banda, Tehsil - Murwara, District – Katni (MP)** की जारी पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति को नवीन परियोजना प्रस्तावक **Shri Sanjay Kumar Bajaj, Partner, Shri Ram Mining Corporation, Shri Industrial Area, Bargawan Katni (M.P.)** के नाम निम्नानुसार अतिरिक्त शर्तो के साथ हस्तांतरित किया जाता है :–

I. उपरोक्त पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र क्रं. **Identification No. - EC22B001MP128289** दिनांक 09.11.2022 में निहित विशिष्ट एवं साधारण **समस्त शर्ते** तथा पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता यथावत रहेगी।

II. नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण स्वीकृति में निहित समस्त विशिष्ट एवं साधारण शर्तो अनिवार्यतः परिपालन सुनिश्चित किया जाये एवं भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ईआईए अधिसूचना 2006 एवं कार्यालयीन ज्ञापन दिनांक 14.06.2022 में निर्धारित प्रावधान एवं प्रक्रिया अनुसार शर्तो का छःमाही अनुपालन प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से परिवेश पोर्टल अपलोड किया जाये एवं क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी प्रेषित किया जाये।

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

III. नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण, सीईआर एवं सभी गतिविधियों के फोटोग्राफ अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट के साथ एमपी–एसईआईएए को प्रस्तुत करेगा। यदि परियोजना प्रस्तावक अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट को अपलोड करने में विफल रहता है या संबंधित प्राधिकरण (एसईआईएए और क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल) को पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों की लगातार दो छमाही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है, तो परियोजना प्रस्तावक को जारी की गई पूर्व पर्यावरण मंजूरी निरस्त की जायेगी।

तदानुसार सर्वसंबंधितो को सूचित किया जाये।

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

3. **Proposal No. SIA/MP/INFRA2/566104/2026; Case No.: 9084/2022 Amendment in Environment Clearance for Acharya Shankar Museum – Advait Lok" Revision and Amendment of Site A-1 (Museum) and Site A-2 (Parking) at Khasra No. – 2/1 Part, 7/1, Village-Mandhata, Tehsil-Punasa, District-Khandwa, Madhya Pradesh by M.P State Tourism Development Corporation Limited. Land Area - 20.902 Ha., 2,09,020 sq. mtrs (51.64 Acres)Built-up Area – 52,753 Sq.mt. by Shri Kaushal Singh Bhadauriya, Executive Engineer (Authorized Signatory), ParyatanBhawan, Bhadhbhada Road, Bhopal (M.P.)- 462003.**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तों सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

प्राधिकरण द्वारा प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन परिवेश पोर्टल पर प्रस्तुत दस्तावेजों के प्रथम दृष्टया परीक्षण में निम्नानुसार निम्नानुसार पाया गया :–

उक्त प्रकरण की वस्तुस्थिति निम्नानुसार है :–

1. उक्त प्रकरण **M.P. State Tourism Development Corporation Limited** द्वारा **"Acharya Shankar Museum -Advait Lok"** खसरा नं.2/1 भाग, 7/1, ग्राम मंधाता, तहसील पुनासा, जिला खंडवा (म.प्र.) के लिए जारी पर्यावरण स्वीकृति में **Site A-1 (Museum)** एवं **Site A-2 (Parking)** में **Amendment** हेतु प्रस्तावित है यह प्रस्ताव श्री कौशल सिंह भदौरिया, कार्यपालन यंत्री (अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता), पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल (म.प्र.)–462003 द्वारा प्रस्तुत पूर्व पर्यावरण स्वीकृति का है।
2. परियोजना का कुल भूमि क्षेत्रफल 2,09,020 वर्गमीटर है तथा कुल निर्मित क्षेत्रफल 52,753 वर्गमीटर है जो 1,50,000.00 sq.mt से कम है इसलिए परियोजना ईआईए अधिसूचना 14 सितंबर 2006 के अनुसार श्रेणी बी, अनुसूची 8(ए) के अंतर्गत शामिल है।
3. उक्त प्रकरण को राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति **(SEAC)** की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 में "पर्यावरणीय स्वीकृति" प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गई है उक्त बैठक की कार्यवाही विवरण पृष्ठ क्र. 44 से 57 तक अंकित है।
4. परियोजना का विवरण निम्नानुसार है :–

S.No.	Information Required	Details
1.	**Name of the Project**	Amendment in Environment Clearance for M. P. STATE TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED, Acharya Shankar Museum- Advait Lok" Revision and Amendment of Site A-1 (Museum) and Site A-2 (Parking) at Khasra No. – 2/1 Part, 7/1, Village -Mandhata, Tehsil-Punasa, District-Khandwa, Madhya Pradesh by M.P State Tourism Development Corporation Limited.

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

2.	**Project Proposal For**	Amendment.
3.	**Description of Project**	The project involves revision and amendment of the Acharya Shankar Museum – 'Advait Lok', including modification of Site A1 (Museum) and Site A2 (Parking). The net plot area of Sites A1 and A2 is 2,09,020 m^2 (20.90 hectares), with a proposed built-up area of 52,753 m^2. Earlier, the project was granted EC under EC Identification No. EC22B038MP123334 dated 15.04.2022 for a plot area of 1,86,600 m^2 and a built-up area of 55,100.62 m^2. To initiate site development works, the Project Proponent obtained CTE vide Consent No. CTE-56325, Outward No. 116022 dated 19.07.2022. During the subsequent stages of project development, revisions in design and planning led to modifications in the overall master plan. As a result, the built-up area and related project specifications were altered, thereby necessitating a fresh Environmental Clearance. Accordingly, the present proposal is submitted for amendment of the existing Environmental Clearance to update BUA & other associated parameters.
4.	**Project Location details.**	At Khasra No. – 2/1 Part, 7/1, Village -Mandhata, Tehsil-Punasa, District-Khandwa, Madhya Pradesh by M.P State Tourism Development Corporation Limited
5.	**Project/Activity Cost**	82698 Lakhs.
6.	**Project Area details**	Land Area - 20.902 Ha., 2,09,020 sq. mtrs (51.64 Acres). Built-up Area – 52,753 Sqmtr.
7.	**Previous EC details**	**MPSEIAA Case No.- 9084/2022** M/s Madhya Pradesh State Tourism Development Corporation Limited, Shri Vijay Singh Verma, Director (Technical), Bhadbhada Road, Dist. Bhopal, MP - 462003 Prior Environment Clearance for Proposed Developemnt for Site A-1 Statue & Museum and Site A-2 Parking "Statue of Oneness" at Village - Mandhata, Tehsil - Punasa, Dist. Khandwa (M.P.)[261610]. EC recommended in 562 SEAC meeting dated 29-03-22. EC Identification No.: EC22B038MP123334. EC granted in 717 SEIAA meeting dated 08-04-22. EC issued vide letter dated 15-04-22.

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

8.	**SPCB Comments CTE details (Existing Area).**	PCB ID: 149649, Consent No:CTE-56325, Outward No:116022,19/07/2022, Establish valid for 05 years up to 30-06-2027. • Location: Vill- Mandhata 2/1 Part and 7/1 Part, Tehsil – Punasa, City- Omkareshwar, District- Khandwa (M:P.) • Total Built Up Area- Total area 18.66 hectares 55,100.6 m2 (52346 m2 & 2754 m2). • DG Sets (For captive use only)- 7000 KVA (4 x 1250 KVA+ 1 x 1000 KVA). • STP- 0 KVA+ 1 x 1000 KVA) 2. STP 800 KLD (600 KLD + 200 KLD)
9.	**Height of Buildings.**	As per Earlier EC Awarded-12.0 m, Proposed Amendment-15.0m.
10.	**Revised T& CP Approval**	No./OKR2P150623858/Date/ 11/12/2023
11.	**Proposed Green Area**	62,706 m 2 (@30 % of the plot area)
12.	**Tree Cutting Permission details**	SDM (Rev) letter no. 347/Reader/2022 Punasa dated 24/03/2022.
13.	**Env. Consultant details.**	Shri Ashish Tripathi, AGS Environmental Services Pvt. Ltd., Delhi.

प्रकरण से संबंधित परियोजना प्रस्तावक/पर्यावरण सलाहकार द्वारा प्रस्तुत जानकारी व अभिप्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर एवं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 की अनुशंसा एवं अधिरोपित शर्तों को राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) की 945वीं बैठक दिनांक 11.03.2026 में मान्य करते हुए पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत सर्व सम्मति से विशिष्ट शर्तों, मानक शर्तों (परिशिष्ट–1) के साथ निम्न बिंदु i से viii को शर्तों में शामिल करते हुए परियोजना प्रस्तावक **को EIA अधिसूचना 2006 एवं** यथासंशोधित के अंतर्गत पूर्व पर्यावरण स्वीकृति प्रदान **की जाती है:–**

i. भूमि स्वमित्व के दस्तावेजों में किसी प्रकार की विवादस्पद के स्थिति में परियोजना प्रस्तावक की स्वयं की जवाबदारी होगी।

ii. परियोजना के जलापूर्ति के लिये अपरिहार्य स्थितियों में भूजल दोहन हेतु सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर ही भूजल दोहन किया जाना सुनिश्चित करें।

iii. परियोजना के तहत भवन के चारों ओर खुले स्थान एवं रोड़ चौड़ाई हेतु मध्यप्रदेश भूमि विकास निगम 2012 (यथा संशोधित) के अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(दीपक आर्य) **सदस्य सचिव**	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी) **सदस्य**	(शिव नारायण सिंह चौहान) **अध्यक्ष**

iv. परियोजना स्थल पर अग्निरोधी शमन उपायों का अनिवार्यरूप से क्रियान्वित किया जाना होगा, इन कार्यो में नेशनल बिल्डिंग कोड 2016(यथा संशोधित) के मानक अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

v. परियोजना अंतर्गत कार्बन फुट प्रिंट को कम करने के लिये 30%गैर पांरपरिक ऊर्जा का उपयोग किया जाये एवं CO_2 उत्सर्जन पर नियंत्रण के उपायों पर भी व्यापक कार्य योजना बनाकर इसे कम करने हेतु सभी संभावित कार्य अनिवार्य रूप से किये जाये।

vi. परियोजना स्थल के चारों ओर ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाना सुनिश्चित करें। काटे जाने वाले वृक्षों के एवज में 10 गुनी संख्या में वृक्षों का रोपण अनिवार्य रूप से किये जाये।

vii. परियोजना स्थल पर ई–वाहनों के चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

viii. प्रस्तावित भवन में संपूर्ण सुरक्षात्मक उपायों का पालन परियोजना प्रस्तावक को करना होगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी प्रकार की जन–धन हानि न हो।

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

4. Proposal No. SIA/MP/RIV/566181/2026; Case No.: P2/1120/2025; Prior Environment Clearance for Proposed Bahoriband Lift Micro Irrigation Project has been conceived to catter irrigation water to about 46716 Ha. of CCA & 74689 ha GCA in Katni district, Madhya Pradesh by Shri Gendraj Singh, Executive Engineer, Narmada Development Division No. 3, Katni, Distt.- Katni (M.P.), Pin – 483501.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तों सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

प्राधिकरण द्वारा प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑनलाईन परिवेश **पोर्टल पर प्रस्तुत दस्तावेजों के प्रथम दृष्टया परीक्षण में** निम्नानुसार निम्नानुसार पाया गया :–

उक्त प्रकरण की वस्तुस्थिति निम्नानुसार है :–

1. **उक्त प्रकरण "Bahoriband Lift Micro Irrigation Project" के अंतर्गत 74,689 हे. GCA एवं 46,716 हे. Net CCA क्षेत्र को सूक्ष्म** लिफ्ट सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना **प्रस्तावित है। इस परियोजना से कटनी जिले की** तहसील बहोरीबंद, स्लीमनाबाद, रीठी **एवं कटनी के कुल 183 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। यह प्रस्ताव श्री गेन्द्राज सिंह, कार्यपालन यंत्री, Narmada Development Division No- 3, जिला कटनी (म.प्र.) द्वारा प्रस्तुत पूर्व पर्यावरण स्वीकृति का है।**
2. **परियोजना अंतर्गत 46716 हेक्टेयर (सीसीए) क्षेत्र को सिंचाई जल उपलब्ध कराया जाना** प्रस्तावित है यह परियोजना **Major Irrigation System (≥ 10,000 ha) के अंतर्गत आती है इसलिए परियोजना ईआईए अधिसूचना 14 सितंबर 2006 के अनुसार परियोजना को श्रेणी–1(C) के अंतर्गत नदी घाटी/सिंचाई परियोजना के अंतर्गत शामिल है।**
3. **उक्त प्रकरण को राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 को "पर्यावरणीय स्वीकृति" प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गई है उक्त बैठक की कार्यवाही विवरण पृष्ठ क्र. 58 से 73 तक अंकित है।**
4. **परियोजना का विवरण निम्नानुसार है :–**

SN	Information Required	Details
1.	**Project Name**	Prior Environment Clearance for Bahoriband Lift Micro Irrigation Project has been conceived to catter irrigation water to about CCA - 46,716 Ha, -GCA 74,689 Ha., in Katni District(M.P.).
2.	**ToR details.**	TOR Identification No.: TO25B0502MP5817586N. SIA/MP/RIV/525603/2025. Case No. - P2/1120/2025. ToR Recommended in 778th SEAC Meeting dt. 25/03 /2025. Online ToR issued Dated 28/08/2025.

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

3.	**Description of Project.**	To provide the micro lift irrigation facilities for the area GCA 74,689 Ha. and its Net CCA is 46,716 Ha. of Bahoriband micro lift irrigation project. The villages which will be benefited are 183 Nos. of Tehsil Bahoriband, Sleemanabad, Rithi& Katni District Katni. The purpose of Bahoriband Micro Lift Irrigation is increased to production of crops and irrigation area.
4.	**Benefit Villages**	The villages which will be benefited are 183 Nos. of Tehsil Bahoriband, Sleemanabad, Rithi & Katni District Katni.
5.	**Administrative Approval.**	Endt. No. F NVD/2/0003/2023-Sec-1-27 Bhopal dt.31/03/2023.
6.	**SPCB Comments/CTE details.**	PCB ID: 172188, Consent No: CTE-63161, Outward No:123905,06/10/2025, Consent to Establish up to 31/08/2030, Bahoriband Micro Lift Irrigation Scheme - 46,716 Ha.
7.	**Project Cost.**	143207 Lakhs.
8.	**CCA details.**	46,716 Ha.
9.	**Longitude/Latitude (Details Coordinate as per Rev. DPR).**	Supply Source N- 2606645.798 E- 424025.344 (ii) Delivery Point N- 2620006.768 E- 407464.159
10.	**River Name**	Bargi Right Bank canal.
11.	**Type of Irrigation**	Lift Micro Irrigation Project.
12.	**DFO details.**	Nearest Protected are is Verangana Durgavati WL Sanctuary at a distance of 21.19KM from Pipe network. (Information uploaded on Parivesh Portal).
13.	**PWD distance letter**	PWD Katni Div. letter no. 211/Tech Katni dated 16/01/2026 (CG - 220 k.m.).
14.	**Environmental Consultant details.**	Mitcon Consultancy and Engineering Services Ltd., Pune.

प्रकरण से संबंधित परियोजना प्रस्तावक/पर्यावरण सलाहकार द्वारा प्रस्तुत जानकारी व अभिप्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर एवं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति **(SEAC)** की **870**वी बैठक दिनांक **17.02.2026** की, अनुशंसा एवं अधिरोपित शर्तों को राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण **(SEIAA)** की **945**वीं बैठक दिनांक **11.03.2026** में मान्य करते हुए पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत सर्व सम्मति से विशिष्ट शर्तों, मानक शर्तों (परिशिष्ट–2) के साथ निम्न बिंदु **i** से **vi** को शर्तों में शामिल करते हुए परियोजना प्रस्तावक को **EIA** अधिसूचना **2006** एवं यथासंशोधित के अंतर्गत पूर्व पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

i. माननीय सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा eco sensitive area forest area से संबंधित समय –समय पर जारी दिशा निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित करे।

ii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा जहां तक संभव हो गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों का अधिक से अधिक उपयोग की जाये ।

iii. बिजली के वैकल्पिक स्रोत के रूप में परियोजना प्रस्तावक को पंप हाउस के उचित संचालन के लिए आवश्यक सौर पैनल स्थापित करने का प्रावधान करना चाहिए।

iv. यदि संचालन अवधि के दौरान दलदली भूमि का निर्माण होता है, तो परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्याप्त उपाय किए जाने चाहिए।

v. परियोजना प्रस्तावक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अनुशंसित ई–प्रवाह को हर समय संबंधित बैराजों के तत्काल नीचे की ओर बनाए रखा जाना E-flow चाहिए। E-flow को छोड़ने के बाद शेष पानी सिंचाई के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।

vi. SEIAA द्वारा प्रकरण में जारी पर्यावरण स्वीकृति माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं अन्य न्यायालयों के आदेशों/दिशा निर्देशों के अधीन मान्य रहेंगी तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय एन.जी.टी. एवं अन्य न्यायालयों द्वारा जारी सभी निर्देशों/निर्णयों का अनुपालन परियोजना प्रस्तावक के लिये बाध्यकारी होगा।

(दीपक आर्य) **सदस्य सचिव**	**(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)** **सदस्य**	**(शिव नारायण सिंह चौहान)** **अध्यक्ष**

5. Proposal No.SIA/MP/MIN/566446/2026, Case No. P2/2251/2026Prior Environmental Clearance for Stone Quarry (opencast semi mechanized method), in an area of 3.00 Hectare, for production capacity 30,000 Cubic Meter/Year (Gitti- 15,000 m3, M-Sand -10,000 m3 , Boulder- 5,000 m3), at Khasra No. – 13, in Village – Sonthwa, Tehsil – Sheopur, District- Sheopur (M.P.) by Maya Kumari Khinchi, Partner, M/s Shri Kshetrapal Stone Crusher, Ward No. 12, Gandhi Nagar, Pali Road, Sheopur (M.P.) – 476337

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की **870वी बैठक दिनांक 17.02.2026** में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तों एवं स्टैण्डर्ड शर्तो (परिशिष्ट–ए) सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

प्राधिकरण द्वारा प्रकरण में पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हेतु प्रस्तुत आवेदन के प्रथम दृष्टया परीक्षण में निम्नानुसार पाया गया :–

प्रश्नाधीन प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत अनुमोदित खनन योजना के अक्षांश देशांश अनुसार गूगल ईमेज के आधार पर खदान क्षेत्र के पास स्थित पॉवर हाउस, नदी एवं ब्रिज परिलक्षित है जिससे माननीय एनजीटी के ओ.ए. नम्बर 304/2019 के दिशा निर्देशों अनुसार निर्धारित मापदण्ड ब्लास्टिंग हेतु 200 मीटर एवं नॉन ब्लास्टिंग हेतु 100 मीटर के आधार पर प्रकरण में ब्लास्टिंग होने के कारण पॉवर हाउस, नदी एवं ब्रिज से निर्धारित दूरी 200 मीटर छोड़ने के पश्चात् खनन योग्य क्षेत्र उपलब्ध नहीं होता है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में प्रकरण निरस्त किये जाने से पूर्व अभिमत हेतु SEAC को अग्रेषित किया जाये। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जावे।

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	**सदस्य**	**अध्यक्ष**

6. **Proposal No.SIA/MP/MIN/564447/2026, Case no. P2/2252/2026Prior Environment Clearance for Stone Mine (opencast semi mechanized method), in an area of 4.00 ha. for production capacity of Stone (Gitti)- 22410 cum per annum, M Sand- 14939 cum per annum & Murum- 15828 cum per annum, at Khasra No. 1145, 1148, 1150, 1151, 1155, Village- Chicholi, Tehsil- Pandhurna, District Chhindwara (M.P.) by Shri Pravin Chauhan, Owner, Santoshi Mata Ward, Tehsil- Pandhurana, District- Chhindwara (MP)**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की **870वी बैठक दिनांक 17.02.2026** में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तों एवं स्टैण्डर्ड शर्तो (परिशिष्ट–ए) सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत SEAC की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 की विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो (संलग्नक–ए) सहित की गई अनुशंसा को मान्य करते हुए प्राधिकरण की निम्नलिखित अतिरिक्त विशिष्ट शर्तो के साथ प्राधिकरण की 831वीं बैठक दिनांक 20.02.2024 में अधिरोपित मानक शर्तों (परिशिष्ट–1) सहित प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया :–

(i) **कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला पाण्र्दुना द्वारा आदेश क्र. I/360963/2025 दिनांक 11.07.2025 के माध्यम से 10 वर्ष की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है, अतः यह पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 10.07.2035 तक वैध मान्य रहेगी।**

(ii) **जिले की अनुमोदित नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुरूप ही प्रक्रिया अपनाकर उक्त खदान की जानकारी (अक्षांश देशांश सहित) सम्मिलित करवाये जाने के उपरांत ही उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जायेगा एवं इस हेतु संबंधित खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

(iii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से पहले **प्राकृतिक नाले से न्यूनतम 50 मीटर तक नो माइनिंग जोन"** के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्तानुसार निर्धारित दूरी (नो माईनिंग जोन) का सीमांकन करवाये जाने के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त कर खनन संक्रिया आरंभ की जाये।

(iv) **परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र में मौजूद पेड़ों को काटा नहीं जायेगा एवं उनका संरक्षण किया जायेगा।**

(v) **परियोजना प्रस्तावक खनन कार्य शुरू करने से पहले कृषि भूमि से न्यूनतम 25 मीटर तक "नो माईनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा।**

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

(vi) परियोजना प्रस्तावक द्वारा भारत सरकार के ज्ञापन दिनांक 24.07.2024 में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजना के कुल क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत बराबर के हिस्से में जिला स्तर पर जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर उपयुक्त प्रजातियों के वृक्षारोपण (2 मीटर लम्बाई के) हेतु दिये गये दिशानिर्देशों के अनुरूप वृक्षारोपण 06 माह में पूर्ण किया जाए।

(vii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुमोदित खनन योजना अनुसार 6 मीटर से अधिक गहराई तक खनन करने के पूर्व DGMS की अनुमति अनिवार्यतः प्राप्त की जायेगी।

(viii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र का सम्पूर्ण ड्रेनेज प्लान इस प्रकार से किया जाये कि विद्यमान खदानों एवं आस–पास के क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था पूर्वानुसार रहे एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पूर्व जल प्रवाह व्यवस्था प्रभावित न हो।

(ix) परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण से संबंधित समस्त कार्यो को वन विभाग से समन्वय कर पूर्ण किया जाए।

(x) परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEAC की अनुशंसित सीईआर गतिविधियों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त सीईआर गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

- ग्राम के शासकीय स्कूल, सामुदायिक भवन एवं सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सौर उर्जा इकाई की स्थापना की जाये।
- खदान क्षेत्र के पास स्थित नजदीकी ग्राम में जिला प्रशासन से समन्वय कर ओपन नालियों को पूर्ण रूप से ढका जावेगा।

परियोजना प्रस्तावक व सर्व संबंधितों को सूचित किया जाये।

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

7. Proposal No. SIA/MP/MIN/560991/2025, Case No. P2/2254/2026 Prior Environmental Clearance for Stone Quarry (opencast semi mechanized method), in an area of 2.50 hectare, for production capacity of Stone (Gitti)-10,000 m3/year & M-Sand 50,000 m3/year, at Khasra No. – 1079, Village - Jargawansni, Tehsil - Narwar, District - Shivpuri (M.P.) by Shri Gajendra Sngh, R/o-Hall Nivas Flate no. 502, Virendra Vilas, Patel Nagar City Center Gwalior, (M.P.) – 474002

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की **870वी बैठक दिनांक 17.02.2026** में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तो एवं स्टैण्डर्ड शर्तो (परिशिष्ट–ए) सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत **चर्चा व** परामर्श उपरांत SEAC की **870वी** बैठक दिनांक 17.02.2026 **की** विशिष्ट शर्तो एवं **स्टेण्डर्ड** शर्तो (संलग्नक–ए) सहित **की** गई अनुशंसा को मान्य करते **हुए प्राधिकरण की निम्नलिखित अतिरिक्त** विशिष्ट शर्तो **के** साथ प्राधिकरण की 831वीं बैठक **दिनांक 20.02.2024 में अधिरोपित मानक शर्तों (परिशिष्ट–1) सहित प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया :–**

(i) कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला शिवपुरी द्वारा आदेश क्र. 1124 दिनांक **08.09.2025** के माध्यम से 10 वर्ष की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है, अतः यह पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 07.09.2035 तक वैध मान्य रहेगी।

(ii) **जिले की अनुमोदित नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया** अनुरूप ही प्रक्रिया अपनाकर उक्त **खदान की जानकारी (अक्षांश देशांश सहित)** सम्मिलित करवाये जाने के उपरांत **ही उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जायेगा एवं इस हेतु संबंधित खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

(iii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से पहले कच्ची सड़क से न्यूनतम **50 मीटर तक नो माइनिंग जोन"** के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्तानुसार निर्धारित दूरी (नो माईनिंग जोन) का सीमांकन करवाये जाने के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त कर खनन संक्रिया आरंभ की जाये।

(iv) **परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र में मौजूद पेड़ों को काटा नहीं जायेगा एवं उनका संरक्षण किया जायेगा।**

(v) **परियोजना प्रस्तावक खनन कार्य शुरू करने से** पहले कृषि भूमि से **न्यूनतम 25 मीटर तक "नो माईनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा।**

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

(vi) परियोजना प्रस्तावक द्वारा भारत सरकार के ज्ञापन दिनांक 24.07.2024 में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजना के कुल क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत बराबर के हिस्से में जिला स्तर पर जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर उपयुक्त प्रजातियों के वृक्षारोपण (2 मीटर लम्बाई के) हेतु दिये गये दिशानिर्देशों के अनुरूप वृक्षारोपण 06 माह में पूर्ण किया जाए।

(vii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुमोदित खनन योजना अनुसार 6 मीटर से अधिक गहराई तक खनन करने के पूर्व DGMS की अनुमति अनिवार्यतः प्राप्त की जायेगी।

(viii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र का सम्पूर्ण ड्रेनेज प्लान इस प्रकार से किया जाये कि विद्यमान खदानों एवं आस–पास के क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था पूर्वानुसार रहे एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पूर्व जल प्रवाह व्यवस्था प्रभावित न हो।

(ix) परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण से संबंधित समस्त कार्यो को वन विभाग से समन्वय कर पूर्ण किया जाए।

(x) परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEAC की अनुशंसित सीईआर गतिविधियों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त सीईआर गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

- ग्राम के शासकीय स्कूल, सामुदायिक भवन एवं सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सौर उर्जा इकाई की स्थापना की जाये।
- खदान क्षेत्र के पास स्थित नजदीकी ग्राम में जिला प्रशासन से समन्वय कर ओपन नालियों को पूर्ण रूप से ढका जावेगा।

परियोजना प्रस्तावक व सर्व संबंधितों को सूचित किया जाये।

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

8. Proposal No. SIA/MP/MIN/560925/2025, Case No. P2/2253/2026 Prior Environmental Clearance for Stone Quarry (opencast semi mechanized method), in an area of 1.000 Ha., for production capacity of Boulder/Stone (Gitti) - 5,000 Cubic meter/year, at khasra No. 43/24, Village Chakaudiya Tehsil Jaitpur, District Shahdol (M.P.) by Mohammad Yahiya, S/o Shri Mohammad Yusuf, R/o- Village & Post-Jaitpur, Tehsil-Jaitpur, District- Shahdol, (M.P.) – 484669

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की **871वी बैठक दिनांक 19.02.2026** में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तों एवं स्टैण्डर्ड शर्तो (परिशिष्ट–ए) सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

प्राधिकरण द्वारा प्रकरण में पूर्व पर्यावरण स्वीकृति हेतु प्रस्तुत आवेदन के प्रथम दृष्टया परीक्षण में निम्नानुसार पाया गया :–

1. प्रश्नाधीन प्रकरण में 7.5 मीटर बैरियर ज़ोन के विभिन्न भागों में रोपित किये जाने वाले प्रस्तावित पौधों की प्रजातियों का विवरण भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं है। अतः बैरियर ज़ोन की कुल परिधि कितनी है का उल्लेख भी नहीं है। अतः बैरियर जोन की कुल परिधि एवं उसमें रोपित किये जाने वाले प्रस्तावित पौधों की प्रजातियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाए।
2. EMP के बिंदु 10 (Tree Plantation) में प्रस्तावित पौधों की प्रजातियों का चयन पर्यावरणीय दृष्टि से उपयुक्त एवं वैज्ञानिक आधार पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया है। अतः स्थानीय / देशी प्रजातियों को प्राथमिकता देते हुए पौधों की प्रजातियों का संशोधित एवं औचित्यपूर्ण जानकरी प्रस्तुत की जाए।
3. EMP के Table 10.1 के अनुसार बैरियर ज़ोन एवं अप्रोच रोड के साथ कुल 400 पौधे लगाए जाने का उल्लेख किया गया है, किन्तु बैरियर ज़ोन एवं अप्रोच रोड़ पर किस प्रजाति के कितने–कितने पौधों का रोपण किया जायेगा के संबंध में प्लान प्रस्तुत करें।
4. पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत Revised CER (Corporate Environment Responsibility) योजना विस्तृत रूप से प्रस्तुत की जाए।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त बिन्दु कमांक 1 से 4 तक की जानकारी 15 दिवस में परिवेश पोर्टल पर अपलोड की जावे, इसके उपरांत प्रकरण पर विचार किया जायेगा। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जावे।

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

9. Proposal No. SIA/MP/MIN/557838/2025, Case No. P2/1055/2025Prior Environment Clearance for Stone Mine (opencast semi mechanized method), in an area of 2.4 ha., for production capacity of Gitti- 15000 cum per annum, M-Sand-15000 cum per annum & Boulder-2000 cum per annum, at Khasra No. 1/1/ka, Village Ramnagar Tehsil- Jatara District Tikamgarh (M.P.) by Smt. Rekha Sahu, Owner, R/o- Village-Bairwar, Tegaila, Tehsil-Jatara, District-Tikamgarh, M.P

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की **869वी** बैठक दिनांक **12.02.2026** में उक्त प्रकरण में विशिष्ट शर्तों एवं स्टैण्डर्ड शर्तो (परिशिष्ट–ए) सहित पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत SEAC की 869वी बैठक दिनांक 12.02.2026 की विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो (संलग्नक–ए) सहित की गई अनुशंसा को मान्य करते हुए प्राधिकरण की निम्नलिखित अतिरिक्त विशिष्ट शर्तो के साथ प्राधिकरण की 831वीं बैठक दिनांक 20.02.2024 में अधिरोपित मानक शर्तो (परिशिष्ट–2) सहित प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया :–

(i) **संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल द्वारा आदेश क्र. 1266-68 दिनांक 01.02.2024 के माध्यम से 10 वर्ष की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है, अतः यह पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 31.01.2034 तक वैध मान्य रहेगी।**

(ii) **जिले की अनुमोदित नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुरूप ही प्रक्रिया अपनाकर उक्त खदान की जानकारी (अक्षांश देशांश सहित) सम्मिलित करवाये जाने के उपरांत ही उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जायेगा एवं इस हेतु संबंधित खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

(iii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से पहले **चेक डेम एवं बण्ड से न्यूनतम 200 मीटर तक नो माइनिंग जोन"** के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्तानुसार निर्धारित दूरी (नो माईनिंग जोन) का सीमांकन करवाये जाने के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त कर खनन संक्रिया आरंभ की जाये।

(iv) **परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र में मौजूद पेड़ों को काटा नहीं जायेगा एवं उनका संरक्षण किया जायेगा।**

(v) **परियोजना प्रस्तावक खनन कार्य शुरू करने से पहले कृषि भूमि से न्यूनतम 25 मीटर तक "नो माईनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा।**

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

(vi) परियोजना प्रस्तावक द्वारा क्लस्टर एन्वायरमेन्ट मैनेजमेंट प्लांन के अंतर्गत उल्लेखित गतिविधियों के कियान्वयन हेतु क्लस्टर में सम्मिलित समस्त खदानों के परियोजना प्रस्तावकों द्वारा उक्त राशि जिला स्तर पर डिस्ट्रिक मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) खातें में जमा की जावे। खनन् क्षेत्र के क्षेत्रफल व उत्पादन के आधार पर अनुपातिक राशि का निर्धारण जिलाध्यक्ष के स्तर पर किया जायेगा।

(vii) क्लस्टर एन्वायरमेन्ट मैनेजमेंट प्लांन (Cluster EMP) का समावेश ई.आई.ए. में किया जाना आवश्यक है। अतः एक Site Specific Cluster EMP को EIA के निष्कर्षों के आधार पर बनाया जाये, जिसे क्रियान्वित करने के लिये क्लस्टर में सम्मिलित सभी खदान मालिकों की सहमति से एक Environment Cell का गठन किया जाये, जिसमें जिला प्रशासन, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथ क्लस्टर की सभी खदानों के प्रतिनिधि शामिल हो। इसी तरह सभी खदान मालिक मिलकर एक समिति का गठन करें, ताकि Cluster EMP के प्रावधानों तथा पर्यावरण स्वीकृति की शर्तों का पालन मिलकर कर सकें। इस समिति को सुचारू रूप से नियमित क्रियान्वित करने के लिये एक रूपरेखा तैयार की जाये, ताकि समिति के गठन तथा उसके क्रियाकलापों में आपसी समन्वय तथा पर्यावरण के कार्यों को सुचारू रूप से क्लस्टर में लागू करने में आसानी हो। परियोजना प्रस्तावक द्वारा उक्त के संबंध में संबंधित खदान मालिकों से सहमति लेकर उपरोक्त विषयों पर जिला प्रशासन से समन्वय कर एक माह के अंदर Cluster EMP, समिति के गठन इत्यादि के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं संबंधित जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किया जाये।

(viii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा जिला प्रशासन की निगरानी में खनिज विभाग के समन्वय से जिला स्तरीय अन्य संबंधित विभाग (जैसे वन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग तथा ग्राम पंचायत आदि) के माध्यम से क्लस्टर एन्वायरमेन्ट मैनेजमेंट प्लान के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियों के कियान्वयन सुनिश्चित किया जावें एवं माईनिंग अधिकारी, परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रत्येक 06 माह में प्रस्तावित क्लस्टर एन्वायरमेन्ट मैनेजमेन्ट प्लान का अभिप्रमाणित अनुपालन प्रतिवेदन तथा राशि उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा।

(ix) परियोजना प्रस्तावक जनसुनवाई के दौरान की गई प्रतिबद्धता अनुसार सभी आश्वासनों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा एवं प्रत्येक छमाही अनुपालन प्रतिवेदन जमा करेगा।

(x) परियोजना प्रस्तावक द्वारा भारत सरकार के ज्ञापन दिनांक 24.07.2024 में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजना के कुल क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत बराबर के हिस्से में जिला स्तर पर जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर उपयुक्त प्रजातियों के वृक्षारोपण (2 मीटर लम्बाई के) हेतु दिये गये दिशानिर्देशों के अनुरूप वृक्षारोपण 06 माह में पूर्ण किया जाए।

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

(xi) परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुमोदित खनन योजना अनुसार 6 मीटर से अधिक गहराई तक खनन करने के पूर्व DGMS की अनुमति अनिवार्यतः प्राप्त की जायेगी।

(xii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन क्षेत्र का सम्पूर्ण ड्रेनेज प्लान इस प्रकार से किया जाये कि विद्यमान खदानों एवं आस–पास के क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था पूर्वानुसार रहे एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पूर्व जल प्रवाह व्यवस्था प्रभावित न हो।

(xiii) परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण से संबंधित समस्त कार्यो को वन विभाग से समन्वय कर पूर्ण किया जाए।

(xiv) परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEAC की अनुशंसित सीईआर गतिविधियों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त सीईआर गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

- ग्राम के शासकीय स्कूल, सामुदायिक भवन एवं सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सौर उर्जा इकाई की स्थापना की जाये।
- खदान क्षेत्र के पास स्थित नजदीकी ग्राम में जिला प्रशासन से समन्वय कर ओपन नालियों को पूर्ण रूप से ढका जावेगा।

परियोजना प्रस्तावक व सर्व संबंधितों को सूचित किया जाये।

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

10. **Proposal No. SIA/MP/MIN/540649/2025, Case No. 3401/2015Prior Environment Clearance for Stone Quarry (Opencast semi mechanized method), in an area of 4.00 ha. for production capacity of Gitti 5000 Cum Per Annum, M – Sand 5000 Cum Per Annum (As per SEAC recommendation), at Khasra No. – 305, Vill. - Jalalkhedi, Tehsil Ujjain, District- Ujjain (M.P.) by Shri Rajesh Anjna S/o Shri Ranachhod Singh Anjna, Village- Chandukhedi, Tehsil & District-Ujjain (MP)-456001 regarding transfer of EC in the name of Shri Sachin Mukati, Lessee, 11, Gumasta Nagar, Indore District Indore (M.P.)**

प्रश्नाधीन प्रकरण में राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 870वी बैठक दिनांक 17.01.2026 में निम्नानुसार अनुशंसा की गई है :–

..... The application for EC transfer is made well within 12 months hence committee finds it fit to recommend for transfer of EC and forward SEIAA for necessary orders. It is mentioned that the cases of EC transfer applied well within one year period need not to be routed through SEAC, this may be brought to the notice of MoEF&CC for necessary correction in the Parivesh Portal..

अतः राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत प्रकरण में ईआईए अधिसूचना 2006 (पैरा–11) के अनुसार पर्यावरण स्वीकृति हस्तांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों के परीक्षण एवं पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत SEAC की 870वी बैठक दिनांक 17.02.2026 में की गई अनुशंसा को मान्य करते हुए निर्णय लिया गया कि पूर्व परियोजना प्रस्तावक **Shri Rajesh Anjna S/o Shri Ranachhod Singh Anjna, Village- Chandukhedi, Tehsil & District-Ujjain (MP)-456001** के नाम **Stone Quarry (Opencast semi mechanized method), in an area of 4.00 ha. for production capacity of Gitti 5000 Cum Per Annum, M – Sand 5000 Cum Per Annum (As per SEAC recommendation), at Khasra No. – 305, Vill. - Jalalkhedi, Tehsil Ujjain, District-Ujjain (MP)** की जारी पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति को नवीन परियोजना प्रस्तावक **Shri Sachin Mukati, Lessee, 11, Gumasta Nagar, Indore District Indore (M.P.)** के नाम निम्नानुसार अतिरिक्त शर्तो के साथ हस्तांतरित किया जाता है :–

I. उपरोक्त पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र क्रं. 6963-64 दिनांक 30.10.2015 में निहित विशिष्ट एवं साधारण समस्त शर्ते यथावत रहेगी तथा पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) उज्जैन के लीज हस्तांतरण आदेश क्र. 1060-61 दिनांक 13.03.2024 के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति की वेधता दिनांक 02.11.2026 तक वैध मान्य रहेगी।

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

II. **नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण स्वीकृति में निहित समस्त विशिष्ट एवं साधारण शर्तों अनिवार्यतः परिपालन सुनिश्चित किया जाये एवं भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ईआईए अधिसूचना 2006 एवं कार्यालयीन ज्ञापन दिनांक 14.06.2022 में निर्धारित प्रावधान एवं प्रक्रिया अनुसार शर्तों का छःमाही अनुपालन प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से परिवेश पोर्टल अपलोड किया जाये एवं क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी प्रेषित किया जाये।**

III. नवीन परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण, सीईआर एवं सभी गतिविधियों के फोटोग्राफ अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट के साथ एमपी–एसईआईएए को प्रस्तुत करेगा। यदि परियोजना प्रस्तावक अर्धवार्षिक अनुपालन रिपोर्ट को अपलोड करने में विफल रहता है या संबंधित प्राधिकरण (एसईआईएए और क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल) को पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों की लगातार दो छमाही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है, तो परियोजना प्रस्तावक को जारी की गई पूर्व पर्यावरण मंजूरी निरस्त की जायेगी।

तदानुसार सर्वसंबंधितो को सूचित किया जाये।

(दीपक आर्य)
सदस्य सचिव

(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)
सदस्य

(शिव नारायण सिंह चौहान)
अध्यक्ष

11. Proposal No. SIA/MP/MIN/549451/2025 Case No. P2/2103/2025 Prior Environment Clearance for Stone Mine, in an area of 1.8 ha., For Production Capacity of 40000 cum per annum at Khasra No.1855, Village- Astaun Khas Tehsil- Tikamgarh District Tikamgarh (M.P.). by Shri Mamta Jain, lessee, R/o- Ward No-12, Pradhanpura Muhila, District-Tikamgarh(M.P.)

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 871वी बैठक दिनांक 19.02.2026 में SEAC ने अभिमत दिया है कि :–

" ..... The Committee have gone through the earlier recommendation in light of the technical points presented by PP / Env. Consultant. The committee is of considered opinion to stand by earlirer recommendation made in SEAC 854th meeting dated 18.12.2025 hence case is not recommended for grant of EC in larger interest of the existing Environmental sensitivities."

प्राधिकरण द्वारा प्रश्नाधीन प्रकरण का अवलोकन करने पर पाया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा ई–मेल दिनांक 09.03.2026 के माध्यम से पुनः अनुरोध किया गया है कि SEAC समिति द्वारा उठाये गये उपरोक्त बिन्दुओं के संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा SEAC समिति के समक्ष पुनः स्पष्टीकरण दिये जाने का अनुरोध किया गया है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि SEAC समिति परियोजना प्रस्तावक द्वारा पुनः प्रस्तुत आवेदन के अनुसार परियोजना प्रस्तावक से उपरोक्त बिन्दुओं के संबंध में जानकारी/स्पष्टीकरण प्राप्त कर SEAC प्रकरण का पुनः परीक्षण कर अपने अभिमत के साथ प्राधिकरण को प्रेषित करें। तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जाये।

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

12. Proposal No. SIA/MP/MIN/549875/2025 Case No. – P2/1087/2025 Prior Environment Clearance for Bilaua Stone Mine, in an area of 1.992 Ha., For Production Capacity of - 57,000 Cubic meter/year & Stone for Boulder - 3,000 Cubic meter/year, at Khasra No. - 3730/2/3, 3733, 3735/1, 3736, 3737, 3838, 3896, 3897/2/2, 3898, Village- Bilaua, Tehsil- Dabara, District- Gwalior (M.P.). by Shri Jai Yadav, R/o- House No. - 351, Tansen Nagar, Gird, District – Gwalior (M.P.) –474002

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 871वी बैठक दिनांक 19.02.2026 में SEAC ने अभिमत दिया है कि :–

" ..... The Committee have gone through the earlier recommendation in light of the technical points presented by PP / Env. Consultant. The committee is of considered opinion that EC is applicable only for mining part area not for non- mining part as not covered under EIA Notification 2006 provisions. Hence the committee stand by earlirer recommendation made in SEAC 854th meeting dated 18.12.2025 and case is not recommended for grant of EC."

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा प्रकरण में विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि SEAC की 871वी बैठक दिनांक 19.02.2026 में की गई अनुशंसा को मान्य करते हुये प्रकरण निरस्त किया जाता है। तदनुसार सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाये।

(दीपक आर्य)	(डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी)	(शिव नारायण सिंह चौहान)
सदस्य सचिव	सदस्य	अध्यक्ष

13. **Proposal No. SIA/MP/IND3/534239/2025; Case No 9262/2022 Transfer of Environment Clearance for Manufacturing of Bulk drugs/active Pharmaceutical ingredients (Steroids/Hormones/General drugs like vitamins, antibiotics, antifungal, antiviral, antiparasitic etc.) / drug intermediates/chemicals / fine chemicals at 67 & 89, DMIC, Vikram Udyogpuri Tehsil Narwar, Distt. Indore (M.P.) - 453331. Land Area - 12.5816 Ha., Product & Capacity Bulk Drugs and Intermediates - 1260 TPA, (located within notified industrial area) by M/s. Symbiotec Lifesciences Pvt.Ltd. Add. - 385/2, Pigdamber, Rau, Indore - (M.P.) Regarding transfer of EC in the name of M/s Symbiotec Zenfold Private Limited, Add. - 385/2, Pigdamber, Rau, Indore - (M.P.) -453331**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) की 871वी बैठक दिनांक 19.02.2026 में उक्त प्रकरण में EC हस्तांतरण किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।

